तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026



4 महतारी सदन में आत्मनिर्भरता की पाठ पढ़ेंगी महिलाएं, 4 करोड़ में तैयार हो रहे 15 भवन






## खबर संक्षेप

### आज राज्यपाल रमेन डेका का रायगढ़ दौरा

**रायगढ़।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका 20 एवं 21 फरवरी को रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे 20 फरवरी को शाम 6.30 बजे महासमुंद से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे रायगढ़ सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां उनका रात्रि विश्राम निर्धारित है। 21 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे राज्यपाल श्री डेका सर्किट हाउसए रायगढ़ से आर्ष गुरुकुल आश्रम, तुरंगा पुसौर के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10 बजे वे श्स्वामी श्रद्धानंद बलिदान महोत्सव एवं राष्ट्र रक्षा महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### फीडिंग डिमांस्ट्रेटर व स्टाफ नर्स की मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ निधि अंतर्गत विकासखण्ड धरमजयगढ़ एवं तमनार में स्वीकृत पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी के लिए फीडिंग डिमांस्ट्रेटर एवं स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए 11 फरवरी को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ में वॉक.इन.इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि को आयोजित साक्षात्कार के उपरांत अभ्यर्थियों की सूचीए मेरिट सूची तथा चयन.सह.प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है।

### ऑगनबाड़ी सहायिका के पद पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्र सियारपाली में ऑगनबाड़ी सहायिका के 01 रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 फरवरी से 09 मार्च तक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रहेगी।

### महापौर ने किया सीसी सड़क निर्माण का भूमि पूजन



**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 47 विजयपुर महर्षि स्कूल के पीछे सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन करते हुई महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा और बेहतर आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अशोक यादव, मुक्ति नाथ बबुआ, अमित शर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती संतोषी पदुमलाल खड़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### पण्डोपारा में सरई पेड़ों की कटाई, शिकायत

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वन मण्डल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लैंगा के वन परिसर के बीट गार्ड व डिप्टी रेंजर के विरूद्ध गम्भीर आरोप लगे हैं। कलेक्टर, डीएफओ से लगातार पत्राचार के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से पुनः शिकायत की गई है। शिकायकर्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत लैंगा के आश्रित मोहल्ला पंडोपारा में खुलेआम सरई पेड़ का तस्करी किया जा रहा है जिसमें डिप्टी, बीट गार्ड द्वारा क्रय करने वाले के साथ नगद 10 हजार रुपये लेकर 10 नग सरई पेड़ को काटकर विक्रय किया गया है। पैसा देते-लेते समय रेशम बाई पंडो, वहां पर उपस्थित थी जबकि उन्होंने मना किया था, फिर भी नहीं माने और खड़े-खड़े डिप्टी रेंजर, बीट गार्ड के सहमति से अवैध रूप से लकड़ी तस्करी किया जा रहा है। जिसमें भारी मात्रा में पेड़-पौधो को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## किसी को एकदम करीब तो किसी को भेज दिया 50-60 किमी दूर

# प्राचार्य व वरिष्ठ व्याख्याताओं के बजाय जूनियरों को बनाया गया केंद्राध्यक्ष





### आज से बोर्ड परीक्षा का शुरू हुआ महाकुंभ

20 फरवरी से बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ चालू हो गया है। यह कुंभ एक महीने तक चलेगा। शुक्रवार को 12 कक्षा के फिजिक्स और ज्योग्राफी विषय से परीक्षा शुरु हुई है। भूगोल में 3153 छात्रों का पंजीयन था। इसमें 3099 छात्र उपस्थित हुए। इसी तरह भौतिकी में 3114 रजिस्टर्ड थे। इसमें 3092 उपस्थित हुए। भूगोल में 54 और भौतिकी में 22 छात्र-छात्राएं अबसेंट रहे। जिले में इस साल कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 102 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें धरमजयगढ़ में 15, घरघोड़ा में 8, खरसिया में 20, लैलूंगा में 13, पुसौर में 14, रायगढ़ में 22 तथा तमनार में 10 केंद्र शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

### डीईओ से की गई शिकायत, सेंटर प्रभारियों में नाराजगी

शिक्षा विभाग में मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहां जो हो जाए कम है। अभी बोर्ड परीक्षा के केंद्राध्यक्षों को लेकर जो मामला सामने आया है वह काफी गंभीर है। प्राचार्यों और वरिष्ठ व्याख्याताओं को छोड़कर जूनियरों को सेंटर प्रभारी बना दिया गया है। केंद्राध्यक्षों को दी गई सेंटर को लेकर भी नाराजगी सामने आने लगी है। किसी को एकदम करीब तो किसी को 50-60 किमी दूर दे दिया गया है। इन सब अनियमितताओं का लेकर डीईओ से शिकायत की गई है। हालांकि बिना डीईओ की जानकारी इतनी गड़बड़ी तो विभाग का कोई भी अधिकारी- कर्मचारी नहीं कर सकता। ऐसे हालात में विभाग पर मनमानी का आरोप लग रहा है। शुक्रवार से माशिमं बोर्ड की परीक्षाएं चालू हो गई है। पहली दिन कक्षा 12 वीं के फिजिक्स और ज्योग्राफी का पेपर था। इसके पहले केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति और संशोधन में भारी अनियमितताओं का आरोप शिक्षा विभाग पर लगा रहा है। डीईओ से इसकी शिकायत की गई है। जो शिकायत की गई है उसमें केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति में प्राचार्य और वरिष्ठ व्याख्याताओं को छोड़कर काफी जूनियर और नए व्याख्याताओं को किया गया है। व्याख्याता वरिष्ठता सूची में 559 क्रम वाले को बनाया गया है। इसी तरह परीक्षा केन्द्र तिलगा, तारापुर में ऐसे ही गड़बड़ी की गई है। मूल सूची में भी वरिष्ठों की उपेक्षा करने की बात कही जा रही है। केन्द्राध्यक्षों के केन्द्र चयन में भी मनमानी व दुर्भावना की स्पष्ट झलक है। रायगढ़ पूर्वांचल के कोतरलिया प्राचार्य को रायगढ़ पश्चिमांचल के नंदेली केन्द्र और रायगढ़ पश्चिमांचल के विद्यालय तारापुर प्राचार्य को जामगांव परीक्षा केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है जो मूल विद्यालय से अत्यधिक दूरी पर स्थित होने से आवागमन में काफी असुविधा होने की बात कही जा रही है। कई संस्थाओं के केन्द्र अपने संस्था से अत्यंत करीव और मूल पदस्थापना स्थल में ही केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। इसमें पुसौर के पुटकापुरी बनाया गया है जिनकी मूल पदस्ळापना ही पुटकापुरी है। इस तरह की अन्य कई गड़बड़ियां होने की बात कही जा रही है।

### विरोध के बाद रायगढ़ की गाइडलाइन में संशोधन

**रायगढ़।** आखिरकार चौतरफा विरोध के बाद रायगढ़ जिले के लिए जारी गाइड लाइन में संशोधन किया गया है। यह गाइड लाइन 20 फरवरी से लागू होगी। जिला समेत प्रदेश में 20 नवम्बर से लागू नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई थी। इसके बाद से लोगों ने इसका विरोध करना शुरु कर दिया था। अब आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण कर इसमें संशोधन किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश दिए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव भेजा गया था। इन प्रस्तावों पर विचार के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक की गई। इसमें रायगढ़ जिले से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का विस्तृत जांच की गई। विचार.-विमर्श के उपरांत रायगढ़ जिले के संशोधित प्रस्तावों को अनुमोदन किया गया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नई गाइडलाइन दर रायगढ़ जिले में 20 फरवरी से प्रभावशील हो गया है।

## एक ही रात लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे तीन वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




लकड़ी तस्करी का काले कारोबार जिले में पूरे चरम पर है। कुछ दिन पहले खैर लकड़ी से भरे वाहन को पक़ड़ा गया था। वहीं 19-20 फरवरी को एक ही रात तीन वाहनों में लकड़ी की अवैध तस्करी करने वाले वाहनों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है।

दो वाहनों में 5-5 चट्टा लकड़ी लोड था। वहीं एक वाहन में 16 तखत लोड था। सभी वाहनों को जब्त कर लिया है। साथ ही वाहन चालकों को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की उड़नदस्ता टीम और खरसिया वनविभाग की टीम ने भालूनारा वन नाका के पास अवैध रूप से लकड़यिों से भरे तीन वाहनों को पकड़ा गया। कार्रवाई देर रात से लेकर तड़के सुबह तक चली। बताया गया कि पहली कार्रवाई 19 फरवरी की रात माजदा वाहन क्रमांक CG 08Y 2044 पर की गई। वाहन में आम की लकड़ी सहित 5 चट्टा लोड था। वाहन छाल से खरसिया होकर रायपुर जा रहा था। चालक सोभनाथ चंद्रा, निवासी गौरेला पेंड्रा बताया गया। इसी तरह 19-20 फरवरी की रात गाड़ी क्रमांक CG 04PQ 9935 को पकड़ा गया। वाहन में सेमल एवं मिश्रित प्रजाति की 5 चट्टा लकड़ी लोड था। वाहन पत्थलगांव से खरसिया होकर रायपुर जा रहा था। चालक का नाम चेतन उर्फ शंकर साहू, बलौदाबाजार का निवासी था। ऐसे ही 19 फरवरी को ही रात करीब साढ़े 11 बजे पिकअप वाहन क्रमांक CG 13AS 6540 को पकड़ा गया। वाहन ग्राम खैरा, तहसील डभरा, जिला सक्ती से घरघोड़ा की ओर जा रहा था। वाहन में मिश्रित लकड़ी के 16 नग तखत लोड था। चालक किशन लाल चंद्रा, निवासी खैरा को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित चालकों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## लिफ्ट में सुधार और एक साल वारंटी अवधि बढ़ाने का फोरम ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




वारंटी पीरियड में लिफ्ट खराब होने के बावजूद कंपनी ने सुधार नहीं किया। इस पर बालाजी ट्रेडर्स के संचालक ने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर नया लिफ्ट लगाने का अनुरोध किया था। फोरम ने उभय पक्ष की सुनवाई के बाद लिफ्ट कंपनी ओटीआईएस इलिवेटर कंपनी को 45 दिन के भीतर लिफ्ट में सुधार करने का आदेश दिया है। साथ ही वारंटी अवधि को एक साल बढ़ाने एवं मानसिक क्षतिपूर्ति, वाद व्यय 20 हजार देने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार बालाजी ट्रेडर्स के संचालक द्वारा अपने शो रूम में ओटीआईएस इलिवेटर कंपनी मुंबई से 25 नवंबर 2022 को लिफ्ट लगवाई गई थी। उक्त लिफ्ट खरीदने से लेकर फिटिंग तक 13 लाख 20 हजार कंपनी को भुगतान किया गया। लिफ्ट के इंस्टालेशन के बाद से ही कुछ न कुछ दिक्कत लिफ्ट में आ रही थी। इसकी जानकारी कंपनी को दी गई लेकिन कंपनी द्वारा न तो सुधार किया गया और न ही कोई जवाब दिया। मरम्मत के अभाव में लिफ्ट पूरी तरह से बंद हो गई। लिफ्ट में आई खराबी की सूचना किशोर बंसल ने कंपनी को दी थी। इस सूचना पर कंपनी की ओर से आए टेक्नीशियन ने जांच कर लिफ्ट की मरम्मत के लिए 62 हजार 418 रूपए का कोटेशन दे दिया। इस पर किशोर बंसल ने जब एनुअल मेंटेनेंस का लाभ प्राप्त करने की बात कहीं तब कोटेशन की राशि घटा कर 39 हजार 88 रूपए कर दी गई और रकम भुगतान के बाद ही मरम्मत कार्य करने की बात कंपनी की ओर से कही गई। किशोर बंसल ने कंपनी के उच्च अधिकारियों से संपर्क साधा गया लेकिन किसी कोई निराकरण नहीं हो पाया। 30 नवंबर 2023 से लिफ्ट पूर्ण रूप से बंद हो गई थी जिससे व्यवसाय में भी उसे क्षति हुई है। लिफ्ट में आई खराबी को दूर न कर कंपनी द्वारा सेवा में कमी करने पर किशोर बंसल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर नवीन लिफ्ट इंस्टाल करने व मानसिक क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यद्य राजेन्द्र पाण्डेय तथा राजश्री अग्रवाल ने उभयपक्ष की सुनवाई के बाद प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर लिफ्ट कंपनी द्वारा सेवा में कमी करना पाया गया जिस पर ओटीआईएस इलिवेटर कंपनी मुंबई को आदेश तारीख से 45 दिन के भीतर लिफ्ट में सुधार कार्य करवाने तथा वारंटी अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाने एवं मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय 20 हजार देने का आदेश दिया है।

## मुख्य मार्गों पर हुए अतिक्रमण को लेकर निगम आयुक्त की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले अतिक्रमणों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। समय सीमा की बैठक में निगम आयुक्त श्री ब्रिजेश सिंह क्षत्रिय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नियमित अभियान चलाने की आवश्यकता है।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने विभागवार प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली कार्य प्रगति की पूर्ण जानकारी ली। राजस्व शाखा के अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली में तेजी लानेए बकायादारों की सूची तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं के लिए मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखना बहुत आवश्यक है। अभियान को निरंतर चलाते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश अतिक्रमण निवारण दस्ता को दिए गए।

### यहां होगी कार्रवाई

नगर निगम से लेकर सुभाष चौक, महात्मा गांधी प्रतिमा चौक, स्टेशन चौक, सत्तीगुड़ी चौक, घड़ी चौक, हंडी चौक, सत्तीगुड़ी चौक से कोतरा रोड, घड़ी चौक से केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड एवं ढ़ीमरापुर रोड, इसी तरह रामनिवास टॉकीज से लेकर सिग्नल चौक एवं चक्रधर नगर चौक तक सतत रूप से निरीक्षण करने एवं अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने राजस्व शाखा की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व संग्रहण निगम के विकास कार्यों की आधारशिला है। सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गंभीरता से कार्य करें और समय सीमा के भीतर प्रगति सुनिश्चित करने कहा।

### 100 से ज्यादा आवेदनों पर चर्चा

बैठक में विभिन्न मांग, शिकायत एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 100 से ज्यादा आवेदनों पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी आवेदनों पर कार्रवाई एवं निर्णय की स्थिति की जानकारी कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने ली। इसी तरह उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं जन शिकायत निवारण के आवेदनों को समय सीमा के भीतर गंभीरता से निर्णय एवं कार्रवाई करने कहा गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास से दण्डित किया है। इस संबंध अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि 14 सिंतबर 2024 को नाबालिग के पिता अपने काम से सरिया गए थे। इसी बीच पीड़िता नाबालिग घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में नहाने के लिए गई थीए इसी बीच आरोपी गणेश उरांव पिता सुरेश उरांव ग्राम सोडेकला वहां पहुंचा और नाबालिग को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह नाबालिग अपने घर पहुंची और इस घटना के बारे में अपने परिजन को बताई। जिसके बाद उसके परिजन थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गयाए जहां उसे नाबालिग के दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### सट्टा अपराध के मामले में हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

## कोलकाता के होटल में लगा रहे थे दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में सट्टे का काले कारोबार हर गली मोहल्ले तक फैला हुआ है। शहर के कुछ पॉश कालोनियों में तो किराए के कमरे लेकर इसका नेटवर्क चला रहे हैं। इन पर पुलिस की निगाहें अब तक पड़ी नहीं है। ऐसे में यहां बेखौफ कारोबार कर रहे हैं। हालांकि बीते कुछ दिनों से सट्टेबाजों और अन्य काले कारोबारियों पर पुलिस ने शिकंजा कसने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसका जड़ इतना मजबूत हो चुका है कि उसे उखाड़ पाना नामुमकिन ही है। दूसरी ओर गुरुवार को पुलिस ने इंटर स्टेट सट्टे के नेटवर्क को ध्वस्त कर 7 सटोरियों को पकड़ा है। बीते साल 23 अप्रैल को कोतवाली और साइबर सेल की टीम द्वारा गांजा चौंक पर रेड कर अमित अग्रवाल को क्रिकेट सट्टा नोट करते पकड़ा गया था। आरोपियों से एक मोबाइल एवं 1 लाख 20 हजार जब्त किया गया था। धारा 7 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले के सटोरी शेख मोहम्मद, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद मजहर, मोहम्मद फारूक की भी संलिप्तता थी। ये सब आरोपी फरार चल रहे थे। कोतवाली पुलिस ने मामले में इन फरार आरोपियों के विरुद्ध फरारी में चालान पेश किया गया जिनके विरूद्ध न्यायालय से स्थायी वारंट जारी हुआ था।

### इन सटोरियों को पकड़ा गया

बीते 22 अप्रैल 2025 को चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम ने डिग्री कालेज सब्जी मंडी के पास मोबाइल से आन लाइन क्रिकेट सट्टा खेला रहे अंकित बानी गांजा चौक और भरत कुमार रोहिला हटरी चौक दानीपारा को पकड़ा गया था। पूछताछ में अपने अन्य साथी साहबाज, मजह, फारख, मन्नू, एजाज अहमद, मोनू भूटानी सिंधी कालोनी, अमित अग्रवाल के साथ मिलकर एक चैनल बनाकर छत्तीसगढ कोलकाता में मोबाइल लिंक के माध्यम से दांव लगाकर आन लाइन सट्टा खिला रहे थे। चक्रधरनगर थाने में दर्ज अपराध धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार दो आरोपी अंकित बानी और भरत कुमार रोहिला को गिरफ्तार कर शेष 7 आरोपियों के विरूद्ध फरारी में चालान पेश किया गया था। आरोपी रोहित बुटानी व अन्य 6 के विरूद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था।

## एनटीपीसी में हुआ पश्चिमी क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट




**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 17 से शुरू हुआ अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 पश्चिमी क्षेत्र के हिस्सा लेने वाले सभी स्टेशनों के शानदार प्रदर्शन के साथ दिनांक 19 को जोश और जश्न के साथ खत्म हुआ।

कड़े मुकाबले वाले टीम इवेंट में पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय नवा रायपुर चैंपियन बना वही लारा स्टेशन ने शानदार परफॉर्मेंस देते हुए उप.विजेता बनाए जबकि खरगोन और सीपत ने संयुक्त रूप से द्वितीय रनर अप का बने। व्यक्तिगत स्पोर्धाओं में रोमांचक खेल और शानदार स्पोर्ट्समैनशिप देखने को मिली। पुरुष सिंगल्स कैटेगरी मेंए लारा के श्री स्वयं ने एक रोमांचक फाइनल में पिछले बार के चैम्पियन खरगोन के शैलेंद्र को हराकर टाइटल जीता। लारा का दबदबा जारी रखते हुए, लारा की सुश्री शिला कर्मा ने सीपत की सुश्री प्रिंसी वर्मा को हराकर महिला सिंगल्स चैंपियनशिप जीती। लारा की कामयाबी में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए मिक्स्ड डबल्स का खिताब लारा की जोड़ी श्री स्वयं और सुश्री दीपाली ने जीता, जिन्होंने पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय के धीरज और सुश्री रानू को एक करीबी मुकाबले में हराया। पुरस्कार विहतरण समारोह में केशब चन्द्र सिंघा रॉय, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण और हेमंत पावगी, महाप्रबंधक परियोजना मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### प्रसिद्ध गुप्तेश्वर मेले की तैयारियां शुरू

**बीरमित्रपुर।** गुप्तेश्वर मेला कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक जगन्नाथ मंदिर बीरमित्रपुर परिसर में संपन्न हुईए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष गुप्तेश्वर मेला 10 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में मेले की सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा मेला परिसर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने का निर्णय लिया। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए यह तय किया गया कि सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखेंगे। मेला कमिटी की ओर से भी अतिरिक्त डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी तथा प्रतिदिन मेला स्थल की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया कि गुप्तेश्वर मंदिर, बीरमित्रपुर परिसर के अंदर केवल शाकाहारी भोजन ही पकाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में चेयरमैन निवेदिता बागे, आईआईसी राम प्रसाद नाग सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। मेला कमिटी ने विश्वास जताया कि इस वर्ष का आयोजन भव्य, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण में संपन्न होगा।

### मां बन भौरी सेवा ट्रस्ट के नित्यानंद बने अध्यक्ष

**राउरकेला।** मां बन भौरी के अनुयायियों एवं भक्तों द्वारा गठित मां बन भौरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर संस्थापक अध्यक्ष नित्यानंद सिंघल को सर्वसम्मति से चुना गया है। यह निर्णय ट्रस्ट की आपात बैठक में लिया गयाए जो ब्राह्मणी क्लब में आयोजित की गई। गौरतलब है कि ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके त्यागपत्र के बाद संगठन की निरंतरता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नित्यानंद सिंघल पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। उनके चयन से ट्रस्ट के कार्यों में नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रस्ट के अन्य पद यथावत रखे गए हैं। सचिव पद पर शिव कुमार मंगल तथा कोषाध्यक्ष पद पर संतोष अग्रवाल सीए पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे।

### डैम में गिरने से स्कूटर सवार दो युवकों की मौत

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के लेफ्रीपड़ा थाना क्षेत्र के सरफगढ़ मशाबीरा मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना हुई है। संतुलन बिगड़ने से एक स्कूटर सरफगढ़ डैम में जा गिरा। इस हादसे में स्कूटर चला रहे तेलेंडीही गांव निवासी श्याम सागर केरकेटा 30 और पीछे बैठे उसके साथी, बड़गांव थाना क्षेत्र के कुलगांव निवासी प्रवीण डुंगडुंग 24 की मौत हो गई। श्याम सागर ड्राइवर के रूप में और प्रवीण खलासी के रूप में काम करते थे। रात को दोनों अरबिंद नामक व्यक्ति से बकाया वेतन लेकर मशाबीरा होते हुए घर लौट रहे थे। सरफगढ़ डैम के पास मोड़ पर स्कूटर का संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 50 फीट नीचे डैम में जा गिरा।पुलिस ने शवों को पीएम के अस्पताल भेजा था।

### प्लास्टिक फ्री सिटी अभियान को मिली रफ्तार

**राउरकेला।** शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर प्रशासन ने डेली मार्केट क्षेत्र में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। व्यस्त बाजार इलाके में की गई इस औचक जांच के दौरान उन खुदरा दुकानों को निशाना बनाया गया जिन पर प्रतिबंधित सिंगल.यूज़ प्लास्टिक सामग्री के भंडारण और वितरण का संदेह था। जांच के दौरान प्रवर्तन टीम ने कई दुकानों की सघन तलाशी ली। कार्रवाई में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग और अन्य डिस्पोजेबल प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसारए यह अभियान प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने की दिशा में शहर की सख्त पहल का हिस्सा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 20 हजार का जुर्माना वसूला गया। यह दंड संबंधित नगर निगम और पर्यावरणीय प्रावधानों के तहत लगाया गया, जिनका उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अधिकारियों ने व्यापारियोंए दुकानदारों और नागरिकों से प्लास्टिक प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने तथा कपड़े और कागज के थैले जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की।

### राजगांगपुर में पॉलिथीन जब्ती अभियान पर बवाल, डेली मार्केट में नपा टीम का घेराव

**राजगांगपुर।** शहर में प्रतिबंधित सिंगल.यूज पॉलिथीन और प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गुरुवार को डेली मार्केट क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्रवाई के विरोध में कुछ दुकानदारों ने नगरपालिका की एनफोर्समेंट टीम का घेराव कर नाराजगी जताईए जिससे मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से हालात को नियंत्रित किया गया। नगरपालिका द्वारा राज्य सरकार के निर्देशों के तहत प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री और उपयोग पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में टीम डेली मार्केट पहुंची थी। जांच के दौरान जब टीम ने कुछ दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त कीए तो कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए विरोध शुरू कर दिया। विरोध कर रहे दुकानदारों का आरोप था कि प्रशासन बड़ी निर्माण इकाइयों के बजाय छोटे व्यापारियों को निशाना बना रहा है। उनका कहना था कि भारी जुर्माना लगाकर छोटे व्यवसायियों पर आर्थिक दबाव बनाया जा रहा है। कुछ व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान मालिक की अनुपस्थिति में दुकानों और घरों के भीतर प्रवेश कर सामग्री जब्त की गईए जिसे उन्होंने अनुचित बताया। स्थिति कुछ समय के लिए इतनी तनावपूर्ण हो गई कि एनफोर्समेंट टीम के सदस्यों को घेर लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर माहौल को शांत कराया।

## विधायक साय के प्रयास से मिली 37 करोड़ की सौगात

# विकसित नगर के रूप में उभरेगा पत्थलगांव: गोमती

विधायक गोमती साय के निरंतर प्रयासों और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप शहर की तीनों प्रमुख सड़कों के उन्नयन एवं मजबूतीकरण के लिए 36 करोड़ 85 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय से शहर की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत कार्यों में इंदिरा चौक से जशपुर रोड (2.00 किमी), इंदिरा चौक से अम्बिकापुर रोड (1.50 किमी) तथा इंदिरा चौक से रायगढ़ रोड (3.80 किमी) शामिल हैं। कुल 7.30 किलोमीटर लंबाई की इन सड़कों का उन्नयन लगभग 36 करोड़ 85 लाख रुपयों से किया जाएगा,जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी और नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। लंबे समय से जर्जर सड़कों के कारण आमजन एवं व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस स्वीकृति के बाद न केवल आवागमन आसान होगा,बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और शहर के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। इस घोषणा से क्षेत्रवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विधायक गोमती साय ने कहा कि यह मेरे क्षेत्र के मेरे परिवारजनों की जीत है उन्होंने अपने विधानसभा के मतदाताओं की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से पत्थलगांव क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और आगे भी जनता की हर आवश्यक मांग को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही श्रीमती साय ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल सड़क निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि पत्थलगांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उनके सतत प्रयासों से क्षेत्र में विकास का नया दौर शुरू हुआ है,जिससे आने वाले समय में पत्थलगांव एक सशक्त और विकसित नगर के रूप में उभरेगा।

■ तीन मुख्य सड़कों का होगा कायाकल्प



## बैंक लिंकेज एवं मुद्रा लोन वितरण मेला




**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलकांत श्रीवास के मार्गदर्शन में जनपद परिसर में बैंक लिंकेज एवं मुद्रा लोंन वितरण मेला का आयोजन किया गया जिसमें बैंको द्वारा मुद्रा लोन एव समूहों का बैंक लिंकेज स्वीकृति दी गई। 57 सदस्य संख्या 54.90 लाख रुपए समूह संख्या 105 बैंक लिंकेज 269.00 लाख रु की बैंक लिंकेज दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष फिलिसफीना एक्का जनपद सदस्य सन्तोषी भारद्वाज, कौशल्या चौहान निर्मला तिर्की, दशोधरा, बालश्याम चौहान, पूर्व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष चमर साय एक्का वीरेंद्र सिंह, डीपीओ आमीन खान, पंकज मिश्रा, समस्त ब्रांच मैनेजर तथा जनपद से घनश्याम राम, कम्लेश्वरी पैंकरा, नईम अंसारी, आशीष तिर्की निरन एक्का ,चारो क्लस्टर से पीआरओ, एफएल सीआरपी, बैंक मित्र समस्त बिहान स्टाफ कैडर एवं समूह के समस्त लोग उपस्थित रहे।

खनिज अमले ने की जांच

# ईब नदी में अवैध उत्खनन की शिकायत पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जेसीबी से ईब नदी में अवैध खुदाई संबंधित प्राप्त शिकायत पर 18 फरवरी को खनिज अमले द्वारा मौके पर जांच की गई।

सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि जांच के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व एक जेसीबी एवं ट्रैक्टर नदी किनारे मिट्टी लाने के उद्देश्य से पहुंचे थे, किन्तु सरपंच एवं ग्राम वासियों के मना करने पर बिना मिट्टी लिए ही वापस लौट गए। ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक सप्ताह से ग्राम क्षेत्र में किसी भी प्रकार का उत्खनन नहीं हो रहा है।

ग्राम सरपंच द्वारा भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा सभी ग्रामवासियों को इसके लिए मना किया गया है। खनिज विभाग द्वारा सरपंच को निर्देशित किया गया है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि संज्ञान में आती है तो तत्काल विभाग को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। खनि अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि ग्राम धौरासांड के समीप ग्राम बरकस पाली में ईब नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की रोकथाम हेतु रेत खदान घोषित कर ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, जिससे वैध और नियंत्रित खनन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण से संबंधित मामलों की नियमित जांच की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विष्णु नाम अष्टप्रहरी यज्ञ में शामिल हुए सालिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम कुड़ेकेला घरजियाबथान में आयोजित अखंड विष्णु नाम यज्ञ (अष्टप्रहरी) कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह धार्मिक आयोजन ग्राम की सुख-शांति और समृद्धि की कामना को लेकर महाकुल समाज द्वारा किया गया।

तय कार्यक्रम के अनुसार 18 फरवरी को अधिवास, 19 फरवरी को नाम संकीर्तन तथा 20 फरवरी को पूर्णाहुति सम्पन्न होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन में भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों के सुख-समृद्धि की कामना भी की।

इस अवसर पर पत्थलगांव शहर मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, लुड़ेग तमता मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, महेश गुप्ता, योगेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति में योगेश यादव, मणि यादव, ऋषि यादव, कलेश यादव सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।



# राउरकेला में धूमधाम से मनाई गई शिवाजी महाराजा की जयंती



**राउरकेला।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रखंड अंतर्गत बंडामुंडा डीज़ल चौक पर बुधवार शाम 7 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। आयोजकों द्वारा शिवाजी महाराज की प्रतिमा चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद ढोल.नगाड़ों और बाजे.गाजे के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। उपस्थित लोगों के बीच लड्डू वितरित किए गए और क्षेत्र देशभक्ति नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान भारत हिंदू राष्ट्र और गौ हत्या बंद हो जैसे नारे लगाए गए। साथ ही हिन्दी स्वराज का उद्घोष करते हुए समाज में एकता का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शिवाजी महाराज के शौर्य, प्रशासनिक कौशल और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता पर भी बल दिया गया। उपस्थित लोगों ने जात-पात की करो विदाई, हिंदू.हिंदू भाई.भाई का संदेश देते हुए समाज में आपसी भाईचारे और एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

# संबलपुर में ऑपरेशन साइबर कवच की बड़ी कामयाबी



**संबलपुर।** राज्यव्यापी एंटी-साइबर अपराध अभियान ऑपरेशन साइबर कवच के तहत संबलपुर पुलिस ने संगठित म्यूल अकाउंट नेटवर्क के खिलाफ बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की है। इस अभियान में व्यापक वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र से प्राप्त खुफिया इनपुट और साझा किए गए डेटा के आधार पर 300 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों की पहचान हुई। इन खातों का उपयोग कथित रूप से साइबर ठगी की रकम को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान जिले के 14 पुलिस थानों में कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि केवल 140 खातों के माध्यम से 110.30 करोड़ की धोखाधड़ी से जुड़ी राशि का लेन.देन हुआए जो इस नेटवर्क के संगठित और व्यापक स्वरूप को दर्शाता है। अधिकारियों के अनुसार ये म्यूल अकाउंट विभिन्न साइबर ठगी गतिविधियों की वित्तीय रीढ़ के रूप में कार्य कर रहे थे। इनमें निवेश घोटालेए तथाकथित डिजिटल अरेस्ट ठगी और टास्क.आधारित ऑनलाइन स्कैम शामिल हैं।

# राउरकेला में 317 गांव को नहीं मिल पा रहा पानी



**राउरकेला।** शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 18 परियोजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए काम चल रहा है। इसी बीच एक और नई परियोजना की पहचान की गई है। यह कार्य केंद्र सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अटल भूजल योजना के तहत किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 1091 करोड़ रुपये खर्च होने का प्रस्ताव है। झारखंड के गोपालपुर से पानी लाकर पाइपलाइन के जरिए शहर में आपूर्ति करने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत निर्माणाधीन परियोजना कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर नदी में जलस्तर कम होने और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी की समस्या 1091 में भी सामने आई थी। 2023 जून तक पूरा होगा काम विभागीय अधिकारी के अनुसार 18 गांवों के क्षेत्रों में नदी किनारे जल संग्रहण का कार्य चल रहा है। परियोजना के तहत बन रहे टैंक और कलेक्शन वेल का कार्य जून 2027 तक पूरा होने की बात अधिकारियों ने कही है।

# प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत 15 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** जिले में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 15 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में चावल आधारित उद्योग, मिनी राइस मिल, आटा मिल, बेकरी, नमकीन, मिक्सचर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मसाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन, मैदा, सूजी, तेल मिल, हालर मिल, राइस मिल सहित अन्य विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

### बारात नहीं ले जाने से नाराज नाबालिग ने लगाई फांसी

**जशपुरनगर।** आरा चौकी क्षेत्र की 12 वीं में पढ़ने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने शादी में परिवार वालों के बारात न लेकर जने से नाराज होकर घर के अंदर कमरे के धरना में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक घर में लड़के की शादी का माहौल चल रहा था। बारात कांसाबेल के टांगर गांव जानी थी। मृतका के चाचा के लड़के की शादी थी। मृतका भी भारत जाने की तैयारी में लगी हुई थी। तभी घरवालों ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने की बात हुए उसे बारात ले जाने से मना कर दिया।

## जशपुर की चुकंदर क्रांति, स्वाद भी सेहत भी

# स्टार्टअप ने किया कमाल, बाजार में लाया मैदा फ्री पास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिस चुकंदर को अब तक लोग सिर्फ सलाद या जूस में इस्तेमाल करते आ रहे रहे थे, अब उसी चुकुंदर से बन रहा है सेहतमंद पास्ता का बेस। जशपुर के युवा की सोच अब हेल्दी फूड की ओर बढ़ रही है। जस प्योर नाम की एक स्थानीय यूनिट ने चुकुंदर और रागी से पास्ता बनाना शुरू किया है, जो स्वाद में तो लाजवाब है ही, सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

जश प्योर' के संस्थापक समर्थ जैन बताते हैं कि बाजार में जो पास्ता उपलब्ध है, वह मैदा से बना होता है। और मैदा लंबे समय तक मैदा के उपयोग से मोटापा, शुगर और पेट की अन्य कई परेशानियां हो सकती हैं। लेकिन उनने द्वारा निर्मित पास्ता मैदा फ्री है जिसमे मॉ8द का उपयोग एकदम नहीं किया जाता। ये पास्ता पूरी तरह से प्राकृतिक चीजों से बना है।



### चुकंदर बढ़ाएगा खून, रागी करेगी हड्डियां मजबूत

पास्ता बनाने में जिन प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग हो रहा है, वे खुद में सुपरफूड हैं।चुकुंदर में आयरन भरपूर होता है, जो शरीर में खून की कमी दूर करता है।रागी (मड़ुआ) में कैल्शियम और फाइबर होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है और पेट साफ रखता है।

### गांव की फसल होगी शहर की थाली में

इस हेल्दी पास्ता की सबसे खास बात यह है कि इसमें इस्तेमाल होने वाली चीजें स्थानीय किसानों से खरीदी जा रही हैं। इससे जहां किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है, वहीं जशपुर की फसल अब शहरों की थाली तक पहुंच रही है।

### स्वाद और सेहत का ट्रेंड

जश प्योर के संस्थापक समर्थ जैन का कहना हैं कि अब समय आ गया है जब लोगों को मैदे और कैमिकल वाले फूड से हटकर देसी और हेल्दी विकल्प की तरफ जाना होगा। उनका अगला प्लान है बाजरा और ज्वार से बने स्नैक्स, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए स्वादिष्ट और सेहतमंद होंगे।

### देश में मिले पहचान

हम चाहते हैं कि जशपुर के हेल्दी फूड मॉडल को देशभर में पहचान मिले।

-**समर्थ जैन**, जश प्योर, जशपुर

# चिरायु से अमीषा के हृदय रोग का हुआ सफल इलाज



**जशपुरनगर।** चिरायु योजना आज जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने न केवल बच्चों को नई जिंदगी दी है, बल्कि गरीब परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान भी लौटा दी है। इसी कड़ी में चिरायु योजना से ही दिल की बीमारी से जूझ रही किसान परिवार में जन्मी अमीषा केरकेट्टा को नवजीवन देने का काम किया है।

मनोरा विकासखंड के छोटे से ग्राम ओरडीह की एक जनजातीय परिवार में जन्मी अमीषा केरकेट्टा अक्सर बीमार रहने लगी थी। परिजन बार-बार उसकी तबीयत बिगड़ने से चिंतित थे। जब अमीषा की जांच जिला चिकित्सालय जशपुर में चिरायु टीम द्वारा की गई, तो पता चला कि वह जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ति है। खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले उसके पिता अशोक केरकेट्टा यह सुनकर परेशान हो उठे। उनके सामने सबसे बड़ी चिंता थी कि वे इतने महंगे इलाज का खर्च कैसे उठा पाएंगे। तभी चिकित्सकों ने उन्हें चिरायु योजना के बारे में जानकारी दी। यह सुनकर परिवार को मानो एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी। योजना के तहत अमीषा को शासकीय व्यय पर बेहतर उपचार के लिए श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, नया रायपुर भेजा गया। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उसका सफल ऑपरेशन किया। कुछ ही समय में अमीषा पूरी तरह स्वस्थ हो गई। आज 11 वर्ष की अमीषा न केवल स्वस्थ है, बल्कि पहले से अधिक उत्साह और ऊर्जा से भरी हुई है। उसका मुस्कुराता चेहरा अब उसके माता-पिता के जीवन को सुकून से भर देता है। परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। सरकार ने गरीबों की पीड़ा को समझा और इलाज के लिए बेहतर संस्थानों में भेजकर निःशुल्क इलाज करा रही है।

■ परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार



# 'तेरा यार हूं मैं' का फर्स्ट लुक आया सामने...

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'के निर्देशक मिलाप जावेरी की नई फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी गई है। इस बार मिलाप जावेरी प्यार, दर्द और संगीत की कहानी 'तेरा यार हूं मैं'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# कनी

## कोई नहीं समझ सकता दुष्कर्म पीड़िता का दर्द

अभिनेत्री कनी कुश्रुति ने दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे फिल्म 'अस्सी'के दौरान उन्हें कानूनी प्रक्रिया को समझने का मौका मिला। हुमा कुरैशी स्टारर हिट वेब सीरीज 'महारानी' में कावेरी के किरदार से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री कनी कुश्रुति जल्द ही अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी'में नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म में एक दुष्कर्म पीड़िता का किरदार निभा रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। उनका कहना है कि दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को पूरी तरह समझना असंभव है। कनी कुश्रुति ने अपने किरदार को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को हूबहू महसूस कर सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में हमने इसके सबसे करीब पहुंचने की कोशिश की। कई बार ऐसा लगता है कि आप उस स्थिति में हैं, क्योंकि आपको लगभग यकीन हो जाता है कि यह आपके साथ हुआ है। लेकिन, मैं ऐसी अभिनेत्री नहीं हूं जो पूरी तरह से उस स्थिति में उतर जाए, क्योंकि इससे आप पर असर पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं करती।बचपन से लेकर अब तक इस देश में पली-बढ़ी एक महिला के रूप में, क्या मुझे इस तरह के हमलों या आघातों का एहसास है? हां, शायद है, क्योंकि मेरे करीबी लोग इससे गुजरे हैं। इसलिए कभी-कभी यह उन चीजों में से एक है जिनसे आप अनजाने में ही जुड़ जाते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस फिल्म ने उन्हें भारत में ऐसे मामलों में कानूनी व्यवस्था की प्रकृति को समझने में मदद की। अक्सर अदालती कार्यवाही अतीत के दर्द को फिर से ताजा कर सकती है।

हॉलीवुड मसाला



## प्युअर्टारिको में निभाएंगे लीड रोल

**लॉस एंजिल्स।** प्योर्टो रिको के ग्लोबल सुपरस्टार बैड बनी अब बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वे ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म प्युअर्टारिको में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह उनकी पहली फीचर फिल्म होगी। जिसमें वे बतौर लीड स्टार दिखाई देंगे। प्युअर्टारिको को मेकर्स ने 'एपिक कैरेबियन वेस्टर्न' बताया है। यह फिल्म प्योर्टो रिको के इतिहास और उसकी जड़ों को सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी के जरिए दिखाएगी। खास बात यह है कि फिल्म का निर्देशन ग्रैमी विनिंग रैपर रेसिडेंटे करेंगे।




## मार्डी ग्रास कार्यक्रम में भारी हंगामा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना मंगलवार सुबह न्यू ओरलीन्स के फ्रेंच क्वार्टर इलाके में हुई। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ पहले भी कई कानूनी विवादों में रह चुके हैं। अब एक नया मामला सामने आया है, जिसके बाद सीधे पुलिस को ला बियौफ को गिरफ्तार करना पड़ा। यह पूरा मामला मार्डी ग्रास कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियौफ की मार्डी ग्रास कार्यक्रम के दौरान दो लोगों से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक, उनके पास रात करीब 12:45 बजे एक कॉल आया, जिसमें उन्हें बताया गया कि ला बियौफ हंगामा और आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं। जब एक कर्मचारी ने एक्टर को वहां से बाहर निकालने की कोशिश की, तो बाहर आने के बाद अभिनेता ने एक व्यक्ति से मारपीट की।



## ऋतिक संग काम से एक्स बॉयफ्रेंड को जलन

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने अपने एक्स बॉयफ्रेंड को लेकर एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को उनके गुड लुकिंग हीरो के साथ काम करने पर जलन होती थी। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म आ रही है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म का दोनों खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। ऐसे ही एक प्रमोशन के दौरान मृणाल बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को एक्ट्रेस के गुड लुकिंग स्टार ऋतिक रोशन और शाहिद कपूर के साथ काम करने से जलन होती थी। दरअसल, मृणाल से पूछा गया कि क्या वह सिक्योर इंसान हैं या फिर इनसिक्योर। मृणाल फिर अपनी एक स्टोरी बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को पसंद नहीं था एक्ट्रेस का किसी गुड लुकिंग एक्टर संग काम करना।



## डॉग लवर्स के लिए मस्ट है फिल्म नेमार

**मुंबई।** अगर आप एक डॉग लवर हैं तो हम आपको जियो हॉटस्टार पर मौजूद एक फिल्म का नाम बता रहे हैं। ये फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। ये मलायालम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अगर अभी तक आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो इस वीकेंड पर जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है नेमार। फिल्म को सुधी मैडिसन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म का मेन किरदार एक कुत्ता है जिसका नाम नेमार होता है। नेमार नाम ब्राजील के एक पॉपुलर फुटबॉलर के नाम पर इस नाम को रखा गया है। फिल्म में इस बात की ओर इशारा भी किया जाता है। नेमार के प्लॉट की बात करें तो दो दोस्त एक लड़की को इम्प्रेस करने के लिए एक कुत्ते को अडॉप्ट करते हैं।

टीवी मसाला



## साइको सैयां का ट्रेलर रिलीज जुनूनी आशिक बने रवि किशन

**नई दिल्ली।** रवि किशन एक मंझे हुए कलाकार हैं, हर किरदार में जान डाल देते हैं। गुरुवार को उनकी अपकमिंग सीरीज 'साइको सैयां' का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें 'नागिन'से फेमस हुईं टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश भी एक अहम किरदार निभा रही हैं। दो मिनट के इस ट्रेलर में सबसे पहले कार्तिक (अनुद सिंह) की एंट्री होती है। वह उज्जैन का एक लड़का है, जिसकी दुनिया तब उलट जाती है, जब वह चारू से मिलता है। चारू का रोल तेजस्वी प्रकाश ने निभाया है। ट्रेलर में पहले रोमांस नजर आता है, लेकिन जैसे जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, कार्तिक का प्यार जुनून में बदल जाता है। वह शहर में चारू का पीछा करता है। जो भी चारू के करीब आता है, उसे रास्ते से हटाने के लिए कड़े कदम भी उठाता है। फिर ट्रेलर में नजर आते हैं, रवि किशन। वह भी इस सीरीज में एक और जुननी आशिक बने हैं। उनके किरदार की एंट्री के बाद कहानी में नए ट्विस्ट आते हैं। इस सीरीज में अपने किरदार के बारे में रवि किशन कहते हैं, 'मेरे किरदार अपने ही नियमों से खेलता है और अपने साथ एक तरह की अनप्रेडिक्टेबिलिटी लाता है। यह एक इंटेंस, बेबाक रोल है। इसे करने में मुझे मजा आया।'इस सीरीज से ओटीटी पर तेजस्वी प्रकाश डेब्यू कर रही हैं। वह कहती हैं, 'साइको सैयां से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हूं। मेरे रोल काफी लेयर्ड हैं। मैं इस रोल के लिए शुक्रगुजार हूं।'इस सीरीज में सृष्टि श्रीवास्तव, सुरभि चंदना, वरुण भगत, अश्विनी कालसेकर और यशपाल शर्मा भी सपोर्टिंग रोल में हैं। 'साइको सैयां' 25 फरवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर, प्राइम वीडियो जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर फ्री में स्ट्रीम होगी।

## द 50' में नहीं थम रहा झगड़ा का सिलसिला

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' दर्शकों को एंटरटेनमेंट की भरपूर डोज दे रहा है। इस शो में भी 'बिग बॉस'की तरफ आए दिन झगड़े और फसाद होते हैं। हालिया रिलीज प्रोमो में टीवी एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित का एक दूसरी प्रतियोगी से जमकर झगड़ा हुआ। रिद्धिमा पंडित को टीवी सीरियल 'बहू हमारी रजनीकांत'के जरिए खूब फेम मिला। 'द 50' के प्रोमो में एक्टर प्रिंस नरुला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर शख्स को फिनाले तक नहीं ले जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतियोगी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। इस दिव्या अग्रवाल ने एक प्रतियोगी का नाम लिया। इस पर रिद्धिमा, दिव्या से बहस करने लगीं। वह कहती हैं कि यह हर कोई एक गैंग में भी अपना-अपना ग्रुप बनाकर चल रहा है। इसके अलावा रिद्धिमा ने दिव्या को कहा कि वह यहां की बॉस नहीं है, तो वह उनकी नहीं सुनेगी।



## 44 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने छाप डाले 342 करोड़, झटके 4 नेशनल अवॉर्ड

*बॉलीवुड की वो फिल्म जो महज 44 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन इसने बॉक्स-ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने शानदार कलेक्शन दर्ज करने के साथ ही 4 नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे। ये फिल्म लीड एक्टर और डायरेक्टर दोनों के करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी। भारतीय सिनेमा में अब बड़े बजट की फिल्में आम होती जा रही हैं। आज कई प्रोजेक्ट्स 500 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की लागत में बन रहे हैं। भारी-भरकम बजट में बन रही इन फिल्मों की खासियत बड़े सितारे, भव्य सेट और हाई-एंड वीएफएक्स से हैं। नीतेश तिवारी की रामायण को अबतक की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा हैं। फिल्मों की कामयाबी सिर्फ बजट से तय नहीं होती हैं। कई कम बजट फिल्मों ने शानदार कलेक्शन दर्ज कर दमदार परफॉर्मेंस की. कई बार कम बजट की फिल्में भी दमदार कहानी और मजबूत प्रस्तुति के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर लेती हैं। कुछ फिल्में सीमित संसाधनों के साथ चुपचाप शुरू होती हैं, लेकिन रिलीज के बाद इतिहास बना देती हैं। ऐसी ही एक वॉर ड्रामा फिल्म है जिसे नए डायरेक्टर और उस दौर के उभरते लीड अभिनेता ने मिलकर बनाई थी।*

**नई दिल्ली।** खास बात यह रही कि इतने भव्य प्रेजेंटेशन के बावजूद फिल्म बहुत कम बजट में तैयार हुई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करते हुए बड़ी कमर्शियल हिट साबित हुई। फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' को आदित्य धर ने डायरेक्ट किया और विक्की कौशल ने लीड रोल निभाया। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म ने देशभक्ति के जज्बे और तेज डायलॉग्स के कारण दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही, इंडस्ट्री के लोगों को भी इस बात ने प्रभावित किया कि फिल्म कितनी कुशलता से बनाई गई थी। 44 करोड़ के बजट में बनी 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' ने दुनियाभर में 342.73 करोड़ रुपए का कलेक्शन दर्ज किया था। 'उरी' उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल थी। पुराने इंटरव्यू में आदित्य धर ने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें फिल्म के लिए उतना ही बजट मिला था, जितना नए डायरेक्टर्स को रामांटिक फिल्मों के लिए मिला था। फिर भी, उन्होंने उसी बजट में युद्ध फिल्म बनाने का फैसला किया। कहानी में पांच बड़े एक्शन सीक्वेंस थे, जिसमें चंदेल, म्यांमार और उरी अटैक के हिस्से शामिल थे। लेकिन, टीम के पास सिर्फ नौ स्टंट आर्टिस्ट थे, जिनसे ये मुश्किल सीन शूट करने थे।




***शूटिंग के लिए मौसम की स्थिति थी बहुत मुश्किल*** : इसका हल निकालने के लिए आदित्य धर ने स्मार्ट प्लानिंग की। वही नौ स्टंट परफॉर्मर्स कई सीक्वेंस में नजर आए। अलग-अलग दाढ़ी, चोट और मेकअप की मदद से उन्हें हर बार अलग किरदार के रूप में पेश किया गया। अगर ध्यान से देखें, तो कई सीन में वही चेहरे बार-बार दिखते हैं।

## प्रियंका ने वाराणसी को बताया कॅरियर डिफाइनिंग फिल्म...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी'को लेकर काफी उत्साहित हैं। प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी'को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ'के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी'को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।



एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी। इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी। '

### हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे

# बॉलीवुड का इकलौता हीरो, जिन्हें मिला था बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *कई बार एक्टर के असली नाम पर उनका किरदार भारी पड़ गया है। यहां आज हम उस हीरो की बात कर रहे हैं जिन्हें फ्रांस के फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के रोल से सम्मानित किया गया।कई बार फिल्मी सितारों के नाम पर उनका किरदार अधिक हावी हो जाता है। ये किरदार उन्हें दुनिया भर में वो पहचान दिलाते हैं, जिसके बाद लोग उनका नाम जानने की ललक रखते हैं। हिंदी सिनेमा और थिएटर की दुनिया के चमकते सितारे निर्मल पांडे ऐसे ही कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी। इनका नाम एक ऐसे एक्टर के तौर पर फेमस है जो थे तो अभिनेता, लेकिन उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। निर्मल पांडे की भूमिका चाहे बड़े पर्दे पर हो या छोटे पर्दे पर, वे हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे।*

### किन्नर किरदार के लिए मिला था अवॉर्ड

साल 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में निर्मल पांडे को फिल्म 'दायरा' में अपने किन्नर किरदार के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था, जिसके बाद तालियां गूंज उठी थी। वे इंडस्ट्री के इकलौते ऐसे पुरुष कलाकार थे, जिन्हें 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड दिया गया था।

### नैनीताल से थे

निर्मल पांडे का जन्म 10 अगस्त 1962 को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हुआ था। उनका असली नाम राजकुमार पांडे था। बचपन से ही उनकी रुचि एक्टिंग में थी। स्कूल और मोहल्ले में होने वाली रामलीला और नाटकों में वह हमेशा भाग लिया करते थे। अल्मोड़ा और नैनीताल में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली का रुख किया।

### पढ़ाई पूरी करने के बाद लंदन चले गए



एनएसडी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह लंदन चले गए। वहां उन्होंने एक थिएटर ग्रुप के साथ जुड़कर लगभग 125 नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने हीर-रांझा, एंटीगोन और कई अन्य क्लासिक नाटकों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी एक्टिंग विदेशी दर्शकों को भी बेहद पसंद आई।

### एनएसडी से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की

दिल्ली आने के बाद निर्मल पांडे ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की। एनएसडी में उन्होंने थिएटर और अभिनय की बारीकियों को सीखा। इस दौरान उन्होंने नाटकों का निर्देशन भी करना शुरू किया और मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाते रहे।

### जीवन संघर्षों से भरा



निर्मल ने फिल्मों के साथ-साथ टीवी पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने हातिम और प्रिंसेस डॉली और उसका मैजिक बैग जैसे शो में विलन का किरदार निभाया। इसके अलावा, वे संगीत में भी रुचि रखते थे और 2002 में अपनी म्यूजिक एल्बम 'जज्बा' लॉन्च की। निर्मल पांडे का जीवन संघर्षों से भरा था। निर्मल पांडे का गाजियाबाद में एक एक्टिंग इंस्टिट्यूट, फ्रेश टैलेंट अकैडमी था, जहां उन्होंने थिएटर वर्कशॉप आयोजित किए। हार्ट अटैक के चलते 18 फरवरी 2010 को 47 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

निर्मल पांडे की खासियत यह थी कि वे किसी भी किरदार में पूरी तरह ढल जाते थे। यही वजह थी कि उन्हें अमोल पालेकर की फिल्म 'दायरा' में किन्नर के रोल के लिए 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला। फिल्म में उनके साथ सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य किरदार में थीं। इसकी कहानी बेहद खास थी, जिसमें लड़की को लड़का बनना था और लड़के को लड़की। जब फिल्म के लिए अवॉर्ड मिला तो दोनों को किरदार के अनुसार सम्मानित किया गया, यानी निर्मल पांडे को बेस्ट एक्ट्रेस और सोनाली कुलकर्णी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला।

## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम जीर्णोद्धार के लिए विधायक ने लिखा पत्र



**कोसीर।** विधायक उत्तरी जांगड़े ने सारंगढ़ नगर स्थित मुक्तिधाम की जर्जर एवं दयनीय स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर शीघ्र जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर का मुक्तिधाम वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में है तथा वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील एवं सार्वजनिक उपयोग के इस महत्वपूर्ण स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने से आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधाम परिसर के समुचित कायाकल्प की आवश्यकता पर जोर दिया हैए ताकि शोकाकुल परिजनों को असुविधा न हो और परिसर को स्वच्छए सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाया जा सके। विधायक ने कलेक्टर से इस अतिआवश्यक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर शीघ्र जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है।

### पेंशनरों को 3 महीने से नहीं मिली राशि

**पुसौर।** जनपद एवं नगर पंचायत के लगभग 20 हजार लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बीते 3 महीने से नहीं मिली है। इसके लिए संबंधित हितग्रहियों के परेशानी को देखते हुए विपक्ष के नेताओं द्वारा ज्ञापन सौपने की तैयारी की जा रही है। पुसौर जनपद पंचायत के 89 पंचायतों में 19 हजार 8 सौ 78 हितग्राही तथा नगर पंचायत में 800 हितग्राही है। इसमें सुखद सहारा वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन मुख्यमंत्री पेंशन योजना होना बताया जा रहा है। जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों सरपंचों एवं पंचों को उनके क्षेत्र के उक्त हितग्राही आए दिन पेंशन को लेकर उनके समक्ष समय पेंशन दिए जाने की मांग कर रहे हैं और इसी तरह नगर पंचायत में पार्षदों को उनके क्षेत्र के हितग्राही कर रहे हैं। नगर पंचायत के सीएमओ ललित साहू के मुताबिक पेंशनरों के भुगतान की जानकारी उन्हें नहीं है वे संबंधित शाखा प्रभारी से जानकारी लेकर उसे सार्वजनिक करेंगे और षासन से इसके लिए मांग भी करेंगे। वहीं जनपद पंचायत के शाखा प्रभारी ने बताया कि आजकल सीधा हितग्राहियों के खाता में राशि जमा होता है जिसमें स्थानीय प्रशासन का कोई दखल नहीं होता।

### एल्यूमिनियम से लदा ऑटो जब्त, चार गिरफ्तार

**राउरकेला।** कुआरमुंडा से राउरकेला की ओर आ रहे चोरी के एल्यूमिनियम से लदे एक ऑटो को ब्राह्मणीतरंग थाना पुलिस ने जब्त किया है। और छानबीन शुरु की है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बीरमित्रपुर क्षेत्र के शरत नायक 24 दिलीप मिंजए बेदब्यास के राम कुमार जायसवाल और प्लांटसाइट क्षेत्र के अमित राम शामिल हैं। जब्त ऑटो से करीब 400 किलोग्राम चोरी का एल्यूमिनियम बरामद किया गया है।

### अब तक 6 महतारी सदन का पूरा हो चुका निर्माण

# महतारी सदन में आत्मनिर्भरता की पाठ पढ़ेंगी महिलाएं, 4 करोड़ में तैयार हो रहे 15 भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। महतारी सदन में महिलाओं को सामूहिक गतिविधियों, प्रशिक्षण, सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं में भागीदारी का सशक्त मंच उपलब्ध होगा। रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत 4 करोड़ 7 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 15 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से कई स्थानों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष स्थानों पर कार्य प्रगतिरत है। रायगढ़ ब्लॉक महापल्ली और गोपालपुर, पुसौर के छिछोरउमरिया और गढ़उमरिया, घरघोड़ा में छर्राटांगर और लैलूंगा ब्लॉक के भुईयापानी में महतारी सदन का निर्माण पूरा हो चुका है। इसी तरह रायगढ़ के लोईंग, बनोरा, पुसौर के बड़े हरदी, कोड़ातराई, खरसिया के तुरेकेला, बर्रा और धरमजयगढ़ ब्लॉक में बाकारूमा, कुड़ेकेला एवं आमापाली में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जिले में महतारी सदन का निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि गुणवत्ता एवं समयसीमा से किसी प्रकार का समझौता न हो। सुदूर वनांचल क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का कलेक्टर ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल महतारी सदन के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

#### गुणवत्ता में कमी तो नपेंगे अधिकारी

छाल के कुड़ेकेला में निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने निर्धारित समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने तथा तकनीकी मानकों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तकनीकी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और यदि कहीं भी मानकों में कमी पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

### परीक्षा के दो घंटे पहले अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

**रायगढ़।** पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को दो पालियों में होगा। जिले में 14 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 3 हजार 515 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को दोनों पालियों की परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्रीफिंग सत्र में मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केंद्र खुलने के समय से लेकर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, परीक्षा केंद्रों की वीडियोग्राफी, मुख्य द्वार बंद कर फोटोग्राफी, परिधान संबंधी निर्देश, जैमर की स्थापना, प्रश्नपत्र खोलने की प्रक्रिया तथा परीक्षा के दौरान अपनाई जाने वाली सभी औपचारिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## हर घर अन्न, हर चेहरे पर मुस्कान के संकल्प को साकार करने मना रहे चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले की सरकारी राशन दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, वितरण व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाना तथा हितग्राहियों के बीच शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ ब्लॉक के के छाल स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर पात्रतानुसार राशन मिलने की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को सुना।

उन्होंने योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और उनके परेशानियों से रूबरू भी हुए। कलेक्टर ने संबंधित खाद्य निरीक्षक को समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान का संचालन कर रही गायत्री स्व.सहायता समूह से हितग्राहियों की संख्या, राशन भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। समूह ने बताया कि छाल में 147 अंत्योदय, 607 प्राथमिकता तथा 03 निराश्रित राशन कार्डधारी परिवार पंजीकृत हैं।

#### मार्च से हर माह की 7 तारीख को होगा आयोजन

कलेक्टर ने सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन सामग्री का वितरण गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए तथा निगरानी में आम नागरिकों की सहभागिता भी रहे। इससे खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर उसका अधिकार मिल सके। जिले में 3 लाख 37 हजार 740 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। 10 लाख 61 हजार 177 सदस्यों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। अंत्योदय अन्न योजना, प्राथमिकता श्रेणी, एपीएल, निराश्रित एवं निशक्तजन कार्डधारकों को नियमानुसार राशन वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों के साथ रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के बोईरदादर वार्ड क्रमांक 48 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

#### एम्बुलेंस गली-मोहल्लों से गुजरने को मजबूर

## चंद्रपुर में रोज लग रही वाहनों की कतार, जाम-धूल से बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



नगर के निर्माणाधीन गौरवपथ एवं यादव मोहल्ला के समीप चल रहे पुल निर्माण कार्य के चलते हालात बदतर होते जा रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। मुख्य मार्ग पर लगातार लग रहे जाम के कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी गली-मोहल्लों से अपना रास्ता बनाते हुए निकलने को मजबूर हैं। यह स्थिति जब तक नाली पुल निर्माण नहीं होती तब तक यही समस्या रहेगी जो अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय मानी जा रही है। 20 फरवरी से कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। जाम के कारण कई स्कूल बसें और यात्री बसें घंटों तक फंसी रहीं। परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अभिभावकों में भी चिंता और आक्रोश देखा गया। जाम का सीधा असर व्यापार पर भी पड़ा है। व्यापारी गणों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है और माल ढुलाई बाधित होने से व्यापार लगभग ठप पड़ गया है। रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित होने से नगरवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मुख्य सड़क पर भारी वाहनों कृ विशेषकर खदानों से निकलने वाली फ्लाई ऐश की गाड़ियां और क्रेशर से गिट्टी ढोने वाले ट्रकों की लगातार आवाजाही से जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। नतीजतन बाइकए कार और अन्य छोटी गाड़ियां भी वैकल्पिक रूप से संकरी गलियों से निकल रही हैं, जिससे मोहल्लों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है।

#### फ्लाईऐश और गिट्टी की वाहनों से दिक्कत

नगर में खदानों क्रेशर इकाइयों और कंपनियों से निकलने वाली फ्लाईऐश से लदी गाड़ियों के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर होती जा रही है। आधे रूप से ढके और ओवरलोड वाहनों से उड़ती धूल और राख पूरे शहर के वातावरण को प्रभावित कर रही है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों तक दिनभर धूल का गुबार छाया रहता है। फ्लाईऐश और गिट्टी ढोने वाले ट्रकों की तेज रफ्तार से सड़क किनारे बसे घरों, दुकानों और स्कूलों तक धूल पहुंच रही है। इससे बच्चोंए बुजुर्गों और पहले से अस्थमा या सांस रोग से पीड़ित लोगों की परेशानी बढ़ गई है। चिकित्सकों के अनुसारए लगातार धूल और सूक्ष्म कणों से संपर्क में रहने से सांस की बीमारियां, एलर्जी, आंखों में जलन, त्वचा संबंधी समस्याएं और फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

> यह समस्या ठेकेदार और सीएमओ की लापरवाही की वजह से हो रही हैं। दुकानों में धूल जमने से सामान खराब हो रहा है और ग्राहकों की संख्या भी घट रही है।
>
> **शिवा वैष्णव,** व्यापारी

> नपं सीएमओ अनिल सोनवानी द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न तो ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु की गई है और न ही धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव या अन्य उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। व्यापार पूरी तरह से ठप्प पड़ी हैं।
>
> **रमेश देवांगन** व्यापारी।

## श्याम निशान यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



नगर में भक्ति, उत्साह और सेवा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अगुवाई में श्याम निशान रथ यात्रा भव्य रूप से निकाली गई। श्रद्धालुओं की उमंग और महिलाओं की सशक्त भागीदारी ने पूरे वातावरण को श्याममय बना दिया। यात्रा की शुरुआत नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल गायत्री मंदिर से हुई और नया बस स्टैंड तक भक्ति स्वर लहरियों के बीच रैली आगे बढ़ती रही। रास्ते भर जय श्री श्याम के जयघोष गूंजते रहेए जिससे पूरा शहर भक्तिरस में डूब गया।

इस आयोजन में समिति की सदस्यों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। समिति की अध्यक्ष पिंकी मित्तलए सचिव मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रश्मि मित्तल सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्याओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। केवल मारवाड़ी समाज ही नहीं बल्कि अन्य समाज की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी कर सामाजिक एकता का संदेश दिया। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गएऔर पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आएए तो वहीं श्याम ध्वज से सजी रथ यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों को महिला समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। आयोजन के पश्चात रात्रि में सामूहिक भोजन की व्यवस्था कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, जांच में जुटी में पुलिस

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप दो दिनों पूर्व राजेश यादव 18 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में चोट लगने पर स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले दो दिनों से राजेश यादव का उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को राजेश की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। बताया जाता है कि राजेश कहां का रहने वाला है और उसके परिजन कहां रहते हैं जानकारी नहीं मिल पायी है।

## एयरपोर्ट निर्माण को लेकर विवाद, आरआई-पटवारी पर दबाव में दस्तावेज तैयार करने का आरोप

**पुसौर।** पुसौर तहसील के कोडातराई में हवाई पट्टी पिछले कई सालों से स्थापित है जहां कभी-कभी देश के बड़े नेता आते रहे हैं और जनसभाएं लेते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त हवाई पट्टी को विस्तार देकर स्थाई रूप से एयरपोर्ट बनाए जाने की कवायद की जा रही है। इस परियोजना के लिए ग्राम बेलपाली, औरदा और कोड़ातराई के निजी और शासकीय जमीनों को चिन्हांकन किया गया है। वहीं उक्त जमीन में जो रिहायसी क्षेत्र है उसमें कौन काबिज है और उसकी कुल परिसंपत्ति क्या हो सकती है इसकी तस्दीक की जा रही है।

उक्त कार्य के लिए हल्का पटवारी और आरआई संबंधित क्षेत्रों में जाकर उसका मुआयना कर दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। संबंधित रहवासियों के कुछ लोगों का कहना है कि जो आरआई पटवारी आकर जमीनों को चिन्हांकित कर रहे हैं वे ग्राम के कुछ लोगों के कहने पर जमीन के स्वामित्व और वहां स्थित पेड़ मकान आदि परिसंपत्ति का निर्धारण कर रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में जहां आपसी मतभेद हो रहे हैं वहीं राजस्व विभाग के प्रति भी आक्रोश है। बताया जाता है कि ग्राम औरदा के कुछ आबादी और गौचर भूमि में जहां पिछले कई वर्षों से मकान बनाकर निवास कर रहे हैं उक्त भूमि गांव के कुछ नेता नुमा लोग कब्जे की भूमि है इसे हमारे नाम में दर्ज किया जाये कहकर आरआई पटवारी को सुझाव दे रहे हैं। इसमें ये आरआई पटवारी भी उनके सुझाव को मान रहे हैं और उसी अनुसार दस्तावेज तैयार कर रहे हैं।

### निकाली गई रैली, बीजेपी के नेता हुए शामिल

# तमनार में नपं के पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



गायत्री शक्तिपीठ तमनार में 19 फरवरी को नववठित नगर पंचायत तमनार के पदाधिकारियों गायत्री परिवार द्वारा पूजा अर्चना कर संध्याकाल आरती के बाद गायत्री मन्दिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टीएवरिष्ठ समाज सेवी नवगठित नगर पंचायत तमनार के प्रथम अध्यक्ष अश्विनी कुमार पटनायक एवं सुरेंद्र साहू उपाध्यक्ष, जगन्नाथ सिदार, गीतांजलि पटनायक, हेमलाल साहू, योगेश गुप्ता, ज्योति पटेल का श्रीफल तिलक रोली, अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। गायत्री मन्दिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, वरिष्ठ समाज सेवी नवगठित नगर पंचायत तमनार के प्रथम अध्यक्ष अश्विनी कुमार पटनायक ने गायत्री माता का आशीर्वाद लेते कहाकि हम बहुत ही सौभाग्यशाली है कि नगर पंचायत तमनार का प्रथम पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

बीजेपी मण्डल तमनार व रोडोपाली द्वारा 20 फरवरी को नववठित नगर पंचायत तमनार के पदाधिकारियों का करमा नृत्यक दल, डीजे गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ जन आशीर्वाद आभार रैली निकाली गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक, आदर्श चौक, तहसील कार्यालय, बस स्टैंड, जगन्नाथ मंदिर, पटनायक मोहल्ला, बाजारपारा तक निकाली गई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ जिले भर से शामिल सैकड़ो लोगों को अध्यक्ष अश्वनी पटनायक के निवास में स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का फूल मालाओं, तिलक रोली, अंगवस्त्र श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरूणधर दिवान, गुरूपाल भल्ला, श्रीकांत सोमावार, सत्यानन्द राठिया समेत अन्य बीजेपी नेता शामिल रहे।







